p>

Title: Request to government to restore the chitagarh office from Bahrampur to Jangipur.

श्री खलीलुर रहमान (जंगीपुर): सभापति महोदय, जंगीपुर लोक सभा के अंदर बीड़ी के अलावा दूसरी कोई इंडस्ट्री नहीं है, सिर्फ कुछ खेती बची हुई है । हर साल गंगा रिवर इरोजन में हर साल क्षतिग्रस्त होता है जिससे मजदूरों को घर से बेघर भी होना पड़ता है । इसके चलते भी 1995 में चीटागढ़ ऑफिस बीड़ी मजदूरों के लिए प्रोविडेंट फंड चालू हो गया । इसमें वर्ष 2005 से 2018 तक दो लाख मजदूरों का इनरोलमेंट हो गया । इसके साथ ही बहुत खुशी से काम हो रहा था लेकिन अचानक रातों-रात यह ऑफिस जंगीपुर से बरहमपुर शिफ्ट हो गया ।

मेरा निवेदन है कि मजदूरों की दिक्कत को देखते हुए ऑफिस को बरहमपुर से जंगीपुर पुर्नस्थापन किया जाए ।